देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 15 अंकः 33 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार-प्रवाह...हेल्थ सिस्टम वर्षों से बीमार



# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 29 अप्रैल 2020



मौसम अधिकतम 29.0⁰ न्यूनतम 19.0⁰

32070.34

2 भारत को लगेगा बड़ा झटका

7 मैच फिक्सर्स को जेल में डालो

## संक्षिप्त समाचार

### वेतन देने के मामले में सुको ने केंद्र से मांगा जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने लॉकडाउन के दौरान कर्मचारियों को पूरा वेतन देने के सरकार के आदेश के खिलफ दायर याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। हालांकि, इसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दो सप्ताह का समय दिया है। न्यायमूर्ति एनवी रमना, संजय किशन कौल और बीआर गवई की पीठ ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की सुनवाई की। इस दौरान नागरीका एक्सपोर्ट्स लिमिटेड और फिकस पैक्स प्राइवेट लिमिटेड सहित तीन निजी फर्मों की तरफ से गृह मंत्रालय की अधिसूचनाओं के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की, जिसमें लॉकडाउन के दौरान कर्मचारियों को पूरा वेतन दिया जाने को कहा गया था।

### बीजेपी एमएलए बोले, मुस्लिमों से सब्जी ना खरीदें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** देवरिया। उत्तर प्रदेश में बीजेपी विधायक का एक विवादित बयान वाला वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में बीजेपी विधायक कहते हुए नजर आ रहे हैं कि कोई भी मुसलमान से सब्जी न खरीदे। सुरेश तिवारी देवरिया जिले के बरहज विधानसभा सीट से विधायक हैं। बीजेपी विधायक का यह वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। कोई इसकी आलोचना कर रहा है तो कोई तारीफ। हालांकि यह वीडियो सामने आने के बाद सांप्रदायिक भावनाओं को आहत करने की बात कही जा रही है।

### इरफान खान आईसीयू में भर्ती, कोकिलाबेन में चल रहा है इलाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बॉलिवुड ऐक्टर इरफान खान की तबीयत बिगड़ने की खबर सामने आई है। इरफान को मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किया गया है। हालांकि, उन्हें क्या तकलीफ हुई और आईसीयू में क्यों भर्ती किया गया है।

# साधुओं की हत्या पर उबाल

सीएम योगी पर बरसे अखिलेश–प्रियंका

## अनूपशहर इलाके के एक मंदिर में हत्या, भारी पुलिसबल तैनात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ/बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में दो साधुओं की हत्या का मामला गरमा गया है। पूर्व सीएम और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मामले पर राजनीति नहीं करने की अपील की है। वहीं, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने सूबे की योगी आदित्यनाथ सरकार पर कानून–व्यवस्था को लेकर तीखा हमला बोला है। मामला अनूपशहर कोतवाली के गांव पगोना का है। यहां के एक शिव मंदिर में पिछले करीब 10 वर्षों से साधु जगदीश (55 वर्ष) और शेर सिंह (35 वर्ष) रहते थे। सोमवार देर रात दोनों साधुओं की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई।

मंगलवार की सुबह मंदिर पहुंचे लोगों ने साधुओं के शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों का पंचनामा करके पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इधर सूचना फैलते ही मौके पर दर्जनों लोग जमा हो गए। लोगों ने साधुओं के हत्या का विरोध किया। लोगों के गुस्से को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस फोर्स तैनात की गई।

**अखिलेश बोले- राजनीति न हो, कार्रवाई करें:** एसपी नेता अखिलेश यादव ने ट्वीट में लिखा, श्उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में मंदिर परिसर में दो साधुओं की नृशंस हत्या अति निंदनीय व दुखद है। इस प्रकार की हत्याओं का राजनीतिकरण न करके, इनके पीछे की हिंसक मनोवृत्ति के मूल कारण या आपराधिक कारण की गहरी तलाश करने की आवश्यकता होती है। इसी आधार पर समय रहते न्यायोचित कार्रवाई करनी चाहिए।

एसएसपी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि फिलहाल अभी बहुत कुछ नहीं कहा जा सकता है। दो दिन पहले एक नशेड़ी राजू ने बाबा का चिमटा चुरा लिया था। इस बात को लेकर बाबा ने उसे फटकार लगाई थी।



### सीएम ने लिया संज्ञान, रिपोर्ट तलब

साधुओं की हत्या की घटना को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान में लिया है। उन्होंने डीएम और एसएसपी को मौके पर जाकर मामले की जांच करके विस्तृत रिपोर्ट देने का आदेश दिया है। सीएम ने कहा है कि दोषियों की तत्काल गिरफ्तार करके उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

### अप्रैल के 15 दिनों में 100 मर्डरः प्रियंका

कांग्रेस नेता और पूर्वी यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी ने ट्वीट करते हुए कहा, अप्रैल के पहले 15 दिनों में ही यूपी में सौ लोगों की हत्या हो गई। तीन दिन पहले एटा में पचौरी परिवार के 5 लोगों के शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाए गए। कोई नहीं जानता उनके साथ क्या हुआ? आज बुलंदशहर में एक मंदिर में सो रहे दो साधुओं को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया गया। ऐसे जघन्य अपराधों की गहराई से जांच होनी चाहिए और इस समय किसी को भी इस मामले का राजनीतिकरण नहीं करना चाहिए। निष्पक्ष जांच करके पूरा सच प्रदेश के समक्ष लाना चाहिए। यह सरकार की जिम्मेदारी है। अप्रैल के पहले 15 दिनों में ही उप्र में सौ लोगों की हत्या हो गई। तीन दिन पहले एटा में पचौरी परिवार के 5 लोगों के शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाए गए। कोई नहीं जानता उनके साथ क्या हुआ।

सिंगापुर यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नॉलजी ऐंड डिजाइन के रिसर्च में दावा

# भारत में जुलाई में खत्म होगा कोरोना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस का ग्राफ लगातार बढ़ता ही जा रहा है। लॉकडाउन को हुए भी एक महीने से ज्यादा हो गए। अब सबके जेहन में यह सवाल उठ रहा है कि देश में यह महामारी आखिर कब खत्म होगी। कब इस खतरनाक वायरस का प्रकोप दुनिया से खत्म होगा? सिंगापुर यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नॉलजी ऐंड डिजाइन ने गणितीय मॉडल के जरिए बताया है कि अलग–अलग देशों में कोविड–19 महामारी कब खत्म होगी।

सबसे पहले बात भारत की करते हैं। अगर एसयूटीडी की भविष्यवाणी सच साबित हुई तो यह भारत के लिए बहुत ही बड़ी राहत की खबर होगी। स्टडी के मुताबिक भारत में 24 मई तक कोरोना वायरस 97 प्रतिशत तक खत्म हो जाएगा। 20 जून तक यह 99 प्रतिशत खत्म हो जाएगा। इसे पूरी तरह खत्म होने में 31 जुलाई तक का वक्त लगेगा।

कोरोना का सबसे ज्यादा कहर झेल रहे अमेरिका में 4 सितंबर तक अमेरिका से इस खतरनाक वायरस की पूरी तरह विदाई होने का अनुमान है।

**कैसे की गई स्टडीः** सिंगापुर यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नॉलजी ऐंड डिजाइन के इस मॉडल में कोरोना वायरस के लाइफ साइकल का इस्तेमाल करते हुए इसे लेकर भविष्यवाणी की गई है। स्टडी में रिसर्चरों ने संबंधित देशों में महामारी को रोकने के लिए उठाए गए कदमों का मूल्यांकन करते हुए भविष्यवाणी की है।

### दुनिया में 26 नवंबर को खत्म होगा कोरोना

सिंगापुर यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नॉलजी ऐंड डिजाइन की स्टडी में बताया गया है 29 मई तक वैश्विक स्तर पर कोरोना वायरस 97 प्रतिशत तक खत्म हो जाएगा। 15 जून तक दुनिया में कोरोना वायरस 99 प्रतिशत तक खत्म हो जाएगा और शत प्रतिशत खत्म होने में 26 नवंबर तक का वक्त लगेगा।

### नीति आयोग का एक अधिकारी कोरोना पॉजिटिव

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली में कोरोना वायरस के संक्रमण का दायरा बढ़ता ही जा रहा है। मरीजों के मामले में 3000 का आंकड़ा पार चुके दिल्ली में कोरोना का ताजा मामला नीति आयोग से आया है। यहां पर एक अधिकारी कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। इसके बाद से यहां पर हड़कंप मचा हुआ है। एहतियात के तौर पर बिल्डिंग को दो दिन के लिए सील कर दिया गया है।

इस दौरान बिल्डिंग को सैनिटाइज किया जाएगा। इसके बाद निर्णय यहां पर अधिकारियों–कर्मचारियों के बैठने को लेकर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। इससे पहले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन के ओएसडी के कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी भी कोरोना पॉजिटिव पाया गया था, जिसके बाद ओएसडी के साथ बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी सेल्फ क्वारंटाइन हैं। गौरतलब है कि दिल्ली में बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी भी कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं।

# देश में संक्रमितों की संख्या 29,435 हुई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 934 हो गई और संक्रमितों की तादाद 29,435 पर पहुंच गई।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश में 6,868 मरीज संक्रमण से ठीक हो गए हैं और 21,632 अब भी संक्रमण से जूझ (एक्टिव मामले) रहे हैं। वहीं एक व्यक्ति विदेश चला गया था। कुल मामलों में 111 विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। सोमवार शाम से कुल 48 मरीजों की जान गई है जिनमें से 27 की मौत महाराष्ट्र में, 11 की गुजरात में, पांच की राजस्थान में, चार की मध्य प्रदेश में और एक की मौत जम्मू–कश्मीर में हुई। देश में

■संक्रमण से मरने वालों की संख्या 934 हुई

कोविड–19 से हुई 934 मौतों में से सबसे ज्यादा 369 लोगों की जान महाराष्ट्र में गई है।

इसके बाद गुजरात में 162, मध्य प्रदेश में 110, दिल्ली में 54, राजस्थान में 46, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश में 31–31 मरीजों की मौत हुई है। तेलंगाना में 26 लोगों की मृत्यु हुई है। तमिलनाडु में 24 तो पश्चिम बंगाल और कर्नाटक में 20–20 मरीजों ने संक्रमण के कारण दम तोड़ दिया है। बीमारी से पंजाब में 18, जम्मू कश्मीर में सात, केरल में चार और झारखंड तथा हरियाणा में तीन–तीन लोगों की मौत हुई है।

# 20 देशों की तुलना में भारत की स्थिति सुखद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत कोरोना मरीजों की कुल संख्या और इस महामारी से मौतों की संख्या के मामलें में दुनिया के उन 20 देशों से काफी बेहतर स्थिति में है जहां की कुल आबादी भारत के करीब–करीब बराबर है और जो कोरोना से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आज कोरोना पर अपनी प्रेस ब्रीफिंग के दौरान यह बात बताई। स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अगरवाल ने बताया कि अगर उन 20 देशों में भारत के मुकाबले मरीजों की संख्या 84 गुना जबकि मरने वालों की संख्या 200 गुना है। अगरवाल ने कहा, दुनिया के 20 देश जहां विश्व स्वास्थ्य संगठन के रिकॉर्ड के लिहाज से सबसे ज्यादा केस आए हैं, उन सबकी कुल जनसंख्या के करीब–करीब बराबर अकेले हमारे देश की जनसंख्या है। सोमवार को डब्ल्यूएचओ का डेटा लें तो भारत के मुकाबले उन देशों में 84 गुना ज्यादा केस रिपोर्ट हुए हैं।

### देश में 1 मौत हो रही तो दुनिया के 20 देशों में 200

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in